गौतमी शाह
Gautami Shah

Reading comprehension exercise for a first year Hindi class.

Read the paragraph carefully and please answer the following questions based on the paragraph. [Some notes: (i) रजनी और रहीम नाम हैं; (ii) * ख़ास दोस्त = literally means “special friend” and is often used to refer to a very good friend or friends, but here it is being used to signify “someone one may be dating or with whom one has a romantic relationship]

रानी और राज शादीशुदा (पति-पत्नी) हैं। उनके तीन बच्चे हैं। तीनों लड़कियाँ हैं। एक बेटी यू.टी. में freshman है। उसका नाम नीता है। दूसरी दो बेटियाँ, हाईस्कूल में छात्राएँ हैं। उनके नाम सीता और गीता हैं। तीनों लड़कियाँ बहुत प्यारी हैं, लेकिन सीता और गीता काफ़ी चालाक भी हैं। रानी और राज, दोनों डॉक्टर हैं। नीता इंजीनियरिंग पढ़ रही है। उसकी दोस्त रजनी भी इंजीनियरिंग पढ़ रही है। उनकी हिंदी क्लास में एक लड़का है। उसका नाम रोहित है। रोहित का एक दोस्त रहीम है। वह भी हिंदी पढ़ रहा है, लेकिन दूसरी क्लास में। हर मंगलवार वे चार एक-साथ कॅफ़े जाकर हिंदी पढ़ते हैं। रोहित को नीता पसंद है, लेकिन रोहित और नीता सिर्फ़ दोस्त हैं, ‘ख़ास दोस्त’ नहीं क्योंकि नीता को रहीम पसंद है। रहीम को रजनी पसंद है, और रजनी को लड़कियाँ पसंद हैं ! अब क्या होगा?

१. नीता के पिता का नाम क्या है?

२. रानी के पति का नाम क्या है?

३. नीता की कितनी बहनें हैं? अनके बारे में कुछ बताइए।

४. रानी और राज क्या काम करते हैं ?

५. रानी और राज के कितने बेटे हैं?

६. नीता क्या करती है? और उसकी बहनें क्या करती हैं?

७. क्या रोहित को नीता पसंद है?

८. क्या नीता और रोहित ख़ास दोस्त हैं? क्यों?

९. रहीम कौन है? रहीम को कौन पसंद है?

१०. रजनी कौन है? रजनी को कौन पसंद है?